राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – अगस्त 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ। परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य संचालन और रखरखाव चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 22 अगस्त 2024 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन के मुद्दों और भावी योजना विस्तार पर विद्युत मंत्रालय ,श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में चर्चा हुई।
2. 6 अगस्त 2024 को CSIRT-पावर के साथ NSGM वेबसाइट को मजबूत करने के संबंध में एक आभासी बैठक आयोजित हुई।
3. 23 अगस्त 2024 को निदेशक NPMU ने संयुक्त सचिव (वितरण) के अध्यक्ष में 'एशियन डेवेलपमेंट बैंक' (ADB) और संबंधित हितधारकों के साथ हुई बैठक में '4401-IND: पावर सेक्टर रिफॉर्म प्रोग्राम (सबप्रोग्राम 1)' के तहत तकनीकी सहायता (TA) के लिए अतिरिक्त कार्यप्रवाह पर की गई चर्चाओं में भाग लिया / विचार-विमर्श किया।
4. 29 अगस्त 2024 को निदेशक NPMU ने USAID द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित "भारत में भवन-ग्रिड एकीकरण को आगे बढ़ाने" के विषय पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श कार्यशाला में एक विशेष संबोधन दिया।
5. 29 अगस्त 2024 को मुख्य महाप्रबंधक NPMU ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित "भारत में बिल्डिंग-ग्रिड एकीकरण को आगे बढ़ाने" के विषय पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श कार्यशाला के दौरान "भारत में बिल्डिंग-ग्रिड एकीकरण में सुधार के लिए आशाजनक अवसर" पर परिचर्चा में भाग लिया।
6. अगस्त 2024 तक, अब तक विभिन्न स्थानों पर 1.32 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**